आकाशवाणी केन्द्र शिमला
18.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800 बजे

## स्वाममित्व योजना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वामित्व योजना के अंतर्गत आज संपत्ति स्वामियों को वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित किए। दस राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के 50 हजार से अधिक गांवों में संपत्ति कार्ड वितरित किए गए हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार पूरी ईमानदारी से ग्राम स्वराज को ज़मीन पर उतारने का प्रयास कर रही है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि 5 साल पहले शुरू की गई स्वामित्व योजना के तहत अब तक डेढ़ करोड़ लोगों को स्वामित्व कार्ड दिए गए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वामित्व योजना लागू होने के बाद से पिछले पांच वर्षों में दो करोड़ 25 लाख से अधिक संपत्ति के दस्तावेज जारी किए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि संपत्ति के उचित दस्तावेज न होना एक बड़ी समस्या है और इस कारण ही विवाद पैदा होते हैं। उन्होंने कहा कि संपत्ति के उचित प्रलेखन से बैंकों से ऋण मिल पाएगा और अवैध अतिक्रमण से संरक्षण मिलेगा।

## बजट सत्र

संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होगा। सत्र के पहले दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु लोकसभा और राज्य सभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन पहली फरवरी को केंद्रीय बजट पेश करेंगी। बजट सत्र का पहला चरण 13 फरवरी तक चलेगा जबकि दूसरा चरण 10 मार्च से 4 अप्रैल तक होगा।

## जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार के 2 साल के कार्यकाल में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह चरमरा गई हैं और सरकार गरीबों का मुफ्त ईलाज की सुविधा से वंचित कर रही है। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि आई.जी.एम.सी. में कैंसर से पीड़ित एक मरीज़ को हिमकेयर सुविधा न मिलने के कारण उसकी मृत्यु हो गई। जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार का इस तरह का अमानवीय दृष्टिकोण प्रदेश के गरीब लोगों के लिए बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री

को गरीब व असहाय लोगों के बारे में संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की सलाह भी दी।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 118वीं कडी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, एआईआर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन ए आई आर मोबाईल ऐप पर भी प्रसारित किया जाएगा। यह कार्यक्रम ए आई आर न्यूज, डीडी न्यूज, पीएमओ और सूचना प्रसारण मंत्रालय के यू ट्यूब चैनलों पर उपलब्ध रहेगा। मन की बात कार्यक्रम के हिन्दी में प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी से क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण किया जाएगा।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हुए हैं और ठंडी हवाएं चलने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। राज्य के निचले जिलों हमीरपुर, बिलासपुर, कांगड़ा, व मंडी के कुछ क्षेत्रों में देर रात और सुबह के समय कोहरा छाए रहने व पाला पड़ने से शीतलहर जारी है। लाहौल स्पीति के ताबो में आज न्यूनतम तापमान माइनस 11 दशमलव 9, केलंग में माइनस 9 दशमलव 5, समदो में माइनस 7 दशमलव 3, कुकुमसेरी में माइनस 5 दशमलव 9 और कल्पा में माइनस एक दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान प्रदेश के उच्च व मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर हल्की बर्फबारी और मैदानी क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई है।

---